सार-समाचार

श्रवणसिंह राव बोरली को शुभकामना दी

श्रवणसिंह राव बोरली

जालोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी जालोर के जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के 54वें जन्मदिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं ने फोन के माध्यम से शुभकामनाएं दी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली द्वारा संचालित गौपुष्ट सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत जालोर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा गौशालाओं में गौपुष्ट आहार वितरित कर, जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के सुखद जीवन की प्रार्थना की। भाजपा जिलाध्यक्ष के जन्मदिवस पर जालोर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह हैं, सोशल मिडिया के विभिन्न माध्यमों एवं फोन के माध्यम से शुभकामनाएं देकर, भाजपा जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं प्रेषित की।

विश्व हिन्दू परिषद् की बैठक आयोजित

रेवदर, (निसं)। विश्व हिंदू परिषद अनादरा खंड के सांगारली ग्राम की बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रांत समरसता प्रमुख सागरमल सोनी, जिला सह मंत्री नरेंद्र बंजारा,प्रखंड उपाध्यक्ष केसर सिंह, प्रखंड सत्संग प्रमुख ललित जी जोशी,प्रखंड प्रचार प्रसार प्रमुख ऊकाराम देवासी,खंड उपाध्यक्ष कैलाश राजगुरु एवं खंड सह मंत्री गोवा रामजी चौधरी धांधपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रखंड उपाध्यक्ष केशर सिंह ने बजरंग दल के 22 जनवरी को रेवदर में विराट त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम के निमित्त बातचीत करते हुए ग्राम से अधिक से अधिक संख्या में त्रिशूल दीक्षार्थी और घर से निकले उस विषय में अपना मार्गदर्शन दिया प्रांत समरसता प्रमुख सागरमल जी सोनी ने संगठन क्यों आवश्यक है एवं संगठन के द्वारा किए गए कार्य एवं उद्देश्य के निमित्त मार्गदर्शन दिया। सह मंत्री नरेंद्र बंजारा ने संगठन की समिति के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र में संगठन के कार्य को बढाने के लिए बलोपासना केंद्र एवं साप्ताहिक मिलन पर जोर देने को कहा। खंड मंत्री गोवा रामजी चौधरी ने ग्राम की समिति अध्यक्ष कैलाश कोली, उपाध्यक्ष वजाराम देवासी, मंत्री प्रवीण कोली,संयोजक प्रकाश कोली, सह संयोजक-रघुराम कोली, साप्ताहिक मिलन प्रमुख कसनाराम कोली, सह मिलन प्रमुख जीवाराम देवासी, गौ रक्षा प्रमुख नटवरलाल कोली, बलोपासना प्रमुख-दरगा राम देवासी, विद्यार्थी प्रमुख-किशोर कोली , सह विद्यार्थी प्रमुख-लक्ष्मण देवासी ,सुरक्षा प्रमुख-रणछोड कोली, प्रचार प्रसार प्रमुख लालाराम देवासी को मनोनीत किया।

घर से 12 लाख के आभूषण चोरी

जोधपुर, (कासं)। निकटवर्ती झंवर के खुडाला गांव में रहने वाली एक महिला को बेहोश कर घर से 12 लाख के जेवरात चोरी करने के साथ महिला को अपने साथ ले जाने का प्रकरण दर्ज हुआ है। पीड़ित ने पुत्रवधु को बेहोश कर जेवराज चुराने का संदेह जाहिर किया है। साथ ही आशंका जताई कि उसकी पुत्रवधु को ब्लैकमेल किया जा रहा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अब जांच आंरभ की है। झंवर पुलिस के अनुसार खुडाला निवासी चैनाराम पुत्र पन्नाराम देवासी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 25 नवंबर को वह खेत पर गया था। उसकी पत्नी नरेगा मजदूरी पर गई थी। घर में उसकी पुत्रवधु ही थी। बाद में वह घर लौटा तो पता लगा कि उसकी पुत्रवधु लापता है। इस पर पुलिस में इसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। आस पास के लोगों से पूछताछ में पता लगा कि उस दिन घर पर एक सफेद रंग की स्कार्पियो आई थी। जिसमें बिलाड़ा रावर का महेंद्र देवासी और चार पांच अन्य लोग सवार थे। जिन्होंने उसकी पुत्र वधु का बेहोश करने के उपरांत घर से आधा किलो चांदी, 14 तोला सोने के जेवरात और 90 हजार रूपए चुराकर ले गए। पीड़ित चैनाराम के अनुसार उसकी पुत्रवधु को बेहोश करने के उपरांत उसे अपने साथ लेकर गए और ब्लैकमेल किया जा रहा है। झंवर पुलिस ने अब प्रकरण दर्ज कर तफ्तीश आरंभ की है।

अवैध डोडा पोस्त व गांजा ले जाते पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर की बासनी पुलिस ने सांगरिया रोड पर एक संदिज्ध व्यक्ति के प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली। उसमें अवैध रूप से भरा डोडापोस्त और गांजा बरामद हुआ। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले को लेकर बासनी पुलिस जांच कर रही है। थानाधिकारी शफीक मोहम्मद ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि सांगरिया रोड पर एक व्यक्ति अवैध रूप से डोडा पोस्त और गांजा लेकर जा रहा है। वह किसी को सप्लाई करने वाला है। इस पर पुलिस की टीम का गठन करते हुए संदिज्ध की दस्तयाबी की गई। तब सांगरिया रोड पर निकल रहे संदिज्ध के प्लास्टिक कट्टे को चेक किया गया। उसमें अवैध रूप से भरा 4 किलो 870 ग्राम अवैध डोडा पोस्त और कट्टे में रखी अन्य प्लास्टिक थैली में 3 किलो गांजा बरामद हुआ। प्लास्टिक कट्टा नामी दूध और आटा कंपनी का मार्का लगा हुआ था। पुलिस ने इस संबंध में आरोपी गुढ़ा विश्रोईयान हाल सांगरिया सोनामुखी नगर निवासी खमूराम पुत्र मंगलाराम विश्नोई को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। उससे मादक पदार्थ के संबंध में पूछताछ जा रही है।

खाईवाली के आरोप में गिरफ्तार

जोधपुर,(कासं)। कमिश्नरेट पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर खाईवाली कर रहे कुछ युवकों को गिरफ्तार कर रूपए जब्त किए। युवकों के खिलाफ जुआ अधिनियम में केस दर्ज किया गया। मंडोर थाने के एएसआई ओमप्रकाश ने नयापुरा मंडोर क्षेत्र में खाईवाली कर रहे कानाराम पुत्र बाबूलाल को गिरफ्तार कर 650 रूपए बरामद किए। इसी प्रकार थाने के ही हैड कांस्टेबल बत्तीलाल ने निम्बानिम्बड़ी रेलवे फाटक के पास सिकंदर पुत्र तगाराम को गिरफ्तार कर राशि जब्त की। दूसरी तरफ महामंदिर थाने के एएसआई मनीराम ने महामंदिर रेलवे पटरियों के पास गुब्बाखाई कर रहे कानाराम पुत्र कालूराम को गिरफ्तार कर 1000 रूपए, थाने के हैड कांस्टेबल शोभाराम ने टूटी फाटक महामंदिर के पास मोईन पुत्र महबूब को गिरफ्तार कर 1060 रूपये की राशि जब्त की। जबकि चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थाने के एएसआई अनिल कुमार ने 15 सेक्टर विजय गार्डन के पास गुब्बाखाई कर रहे इमरान पुत्र याकूब को पकड़ा।

एम.डी. ड्रग के साथ युवक गिरफ्तार

जोधपुर,(कासं)। भोपालगढ़ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी को लेकर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 63 ग्राम अवैध एमडी बरामद की गई है फिलहाल पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी से पूछताछ शुरू की है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी हिंगोली पुलिस थाना भोपालगढ़ निवासी धीमाराम पुत्र भागीरथ राम बिश्नोई निवासी को गिरफ्तार किया है। बरामद किए गए ड्रग की कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रही है। अब पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है। बता दे कि ग्रामीण क्षेत्रों में एमडी नशे का कारोबार फल फूल रहा है। कई जगहों पर अवैध तरीके से रूष्ठ की फैक्ट्री भी चलाई जा रही है। इसको लेकर पूर्व में भी ओसियां में कार्रवाई की गई थी। जहां एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई थी। पुलिस के प्रभावी कार्रवाई के दावों के बावजूद नशा माफिया मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे हैं।

डंपिंग यार्ड का निरीक्षण

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे ने शनिवार को सामतीपुरा स्थित डंपिंग यार्ड तथा एमआरएफ प्लांट का अवलोकन किया। जिला कलैक्टर ने डंपिंग यार्ड के अवलोकन के दौरान डिस्पोजल व्यवस्था का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कचरा निस्तारण की प्रक्रिया भी देखी। उन्होंने एमआरएफ प्लांट की मशीन एवं व्यवस्था का जायजा लिया तथा साफ सफाई के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर व नगर परिषद जालोर के प्रशासक राजेश मेवाडा व एसबीएम प्रभारी हरीश गहलोत मौजूद रहे।

मानसिक बीमार की झील में गिरने से मौत

जोधपुर, (कासं)। फलोदी में अधेड़ की झील में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव निकलवाकर कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंपा। जानकारी के अनुसार कुम्हारों का बास निवासी ओमप्रकाश प्रजापत की झील में गिरने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि ओमप्रकाश मानसिक रूप से असंतुलित थे। शुक्रवार दोपहर वो बिना किसी को बताए घर से निकल गए थे। शाम को उनका शव झील में पाया गया। घटना की सूचना मिलने पर फलोदी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को झील से बाहर निकाला।

जन सेवा करना बड़े ही सौभाग्य की बात है : मुख्य सचिव पंत

जैसलमेर, (नि.सं.)। राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाड़मेर तथा जैसलमेर जिलो में प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन और पब्लिक सर्विस डिलीवरी की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान पंत ने धरातल पर कल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की।

■ मुख्य सचिव ने कहा कि सभी कार्मिक भाग्यशाली है कि उनका चयन विशेष प्रयोजन के लिए आमजन की सेवा के लिए परमात्मा ने किया है

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जैसलमेर में बैठक ली। कलेक्टर बाड़मेर टीना डाबी, जैसलमेर प्रताप सिंह, एस.पी. बाड़मेर नरेंद्रसिंह मीणा, जैसलमेर सुधीर चौधरी सहित अधिकारी मौजूद रहे। फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि सरकारी सेवा में कार्य करते हुए सभी कार्मिकों में गौरवपूर्ण भाव होने चाहिए तथा काम के उपरांत संतोष का अनुभव होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक भाग्यशाली है कि उनका चयन विशेष प्रयोजन के लिए आमजन की सेवा के लिए परमात्मा ने किया है। इसलिए सरकारी तंत्र से जुड़े प्रत्येक कार्मिक को पूर्ण संवेदनशीलता के साथ आमजन के कामकाज करने चाहिए। उन्होंने कहा कि एक बेहतर इंसान ही एक बेहतर अधिकारी या कर्मचारी हो सकता है।

पंत ने जैसलमेर में गत दिनों जीएसटी काउंसिल की बैठक के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि रिसरजेंट राजस्थान के दौरान हुए सभी एम ओ यू को भी धरातल पर उतारने के लिए दोनों जिलों के जिला प्रशासन को तत्परता से कार्य करना होगा। इस मौके पर पंत ने कहा कि ई फाइल सरकारी सिस्टम में क्रांतिकारी कदम है और इसका शत प्रतिशत उपयोग कर गुड गवर्नेंस की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सम्पर्क पोर्टल में दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण कर परिवादियों को राहत दें।

उन्होंने बताया कि प्रकरणों के निस्तारण में तत्परता के साथ ही संतुष्टि का प्रतिशत भी बढ़ाए। उन्होंने पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की दोनों जिलों की विस्तार से समीक्षा की एवं निर्देश दिये कि 61 दिवस से 180 दिवस तक के प्रकरण बकाया है उनको निस्तारण कर शून्य की स्थिति में लावें।

मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल जनपरिवेदनाओ को परिलक्षित करता है इसलिए इस पर आने वाले शिकायतों का तत्काल सर्वोच्च प्राथमिकता से निस्तारण करवाए ताकि आमजन को समस्या का समाधान कर राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि परिवेदना निस्तारण में यथासंभव परिवादी को संतुष्ट करने का प्रयास करें। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को प्रतिदिन आधा घंटा राजस्थान संपर्क पोर्टल देने को कहा।

इस मौके पर पंत ने निर्देश दिये कि दोनों जिलों की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति जिला कलेक्टर समय सीमा में करवाना सुनिश्चित करें एवं इस कार्य को सर्वापरी प्राथमिकता से लें। उन्होंने भूमि आवंटन, प्रशासनिक स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति, निविदा आमंत्रण, कार्यादेश जारी करने आदि सभी की नियत टाइमलाइन के अनुसार मॉनिटरिंग करने को कहा।

मुख्य सचिव ने कहा कि हर हाल में अगले बजट से पूर्व इस बजट के कार्य पूर्ण कर लिए जाने चाहिए। मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन के सीमावर्ती जिलों में क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि अधिकारी इस मिशन के कार्यों को केवल सरकारी दायित्व नहीं समझ कर पानी पिलाने के पुण्य के कार्य की भावना के साथ अंजाम तक पहुंचाएं। उन्होंने मिशन के अंतर्गत स्वीकृत सभी प्रोजेक्ट तय समय सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसी तरह पेयजल स्त्रोतों पर बिजली के कनेक्शन के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण किया जाने को कहा।

मुख्य सचिव ने मिशन कर्मयोगी, पीएम किसान योजना, पीएम सूर्यघर, टीबी मुक्त भारत, गोवर्धन योजना, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान आदि की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। वहीं ड्रग तस्करी की रोकथाम, अवैध खनन ओर ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्यवाही और महिलाओं पर अत्याचार पर त्वरित कार्रवाई की भी विस्तार से समीक्षा की।

इस दौरान बाड़मेर जिला कलेक्टर टीना डाबी ने बाड़मेर जिले में तथा जैसलमेर जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने जैसलमेर जिले में फ्लैगशिप योजना की प्रगति की जानकारी दी। वही बाड़मेर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बाड़मेर जिले में और जैसलमेर पुलिस सुधीर चौधरी ने जैसलमेर जिले में अपराधों की रोकथाम और पुलिस की निरोधात्मक कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में जिला कलेक्टर बाड़मेर टीना डाबी, जिला कलेक्टर जैसलमेर प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक बाड़मेर नरेंद्र सिंह मीणा, पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी, उपवन संरक्षक बाड़मेर श्रीमती सवीता दहिया, उपवन संरक्षक जैसलमेर आशुतोष ओझा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बाड़मेर सिद्धार्थ पलानीचामी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैसलमेर सुनीता चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर बाड़मेर राजेंद्र सिंह चंद्रावत, अतिरिक्त जिला कलेक्टर जैसलमेर पवन कुमार समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

जोधपुर की साइक्लोनर टीम ने 15 हजार का इनामी आरोपी पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर रेंज पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरण में पांच साल से फरार चल रहे एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 15 हजार का इनाम घोषित हो रखा था। वह नशीली दवा प्रकरण में वांटेड था। रेंज की साइक्लोनर टीम द्वारा उसे पकड़ा गया है।

रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि पुलिस थाना नाल बीकानेर में 26 नवंबर 2020 में भारी अवैध प्रतिबन्धित नशीली दवाइयों को जब्त किया गया था। इसमें वांछित इनामी अपराधी ननेउ जांबा जोधपुर ठामीण का सोनाराम पुत्र गणपतराम विश्रोई की तलाश थी।

वह पांच साल से फरारी काट रहा था। साथ ही उस पर बीकानेर पुलिस ने 15 हजार का इनाम घोषित किया था।

घर आने की लोकेशन मिली, पकड़ा गया

आईजी विकास कुमार ने बताया कि साईक्लोनर टीम द्वारा आरोपी के गांव में आने के समय मोबाइल लोकेशन के आधार पर कार्रवाई करते हुए जाम्बा कस्बा में पानी का टैंकर भरने के समय पकड़ा गया।

पढ़ाई छोड़कर ट्रक डंपर चलाने लगा

आईजी विकास कुमार के अनुसार रेन्ज स्तरीय साईक्लोनर टीम द्वारा जोधपुर रेन्ज के अपराधियों के सम्बन्ध में प्राप्त आसूचना के माध्यम से तकनिकी विश्लषे् ाण के पश्चात आरोपी के मोबाइल नम्बर प्राप्त हुए। आरोपी पढाई छोडऩे के बाद ट्रक और डम्पर चलाता था। चालक रहने के समय ही लोगों का सामान व पार्सल ट्रकों में सप्लाई करता था। वह मेडिकल की दुकान से दवाईयों के पार्सल भी सप्लाई करने लगा था।

कोयले की ट्रक में करता नशीली टेबलेटस की सप्लाई

आरोपी कोरोना काल में कोयला से भरे ट्रक में छुपा कर अवैध नशीली टेबलेट्स की सप्लाई करता था। उसे कोयला ट्रांसपोर्ट में मिली कमाई राशि से अधिक राशि नशीली दवाईयों की सप्लाई में मिलती थी। बीकानेर पुलिस द्वारा वर्ष 2020 में ट्रक की तलाशी के समय तिरपाल से ढके कोयलों के नीचे रखे कार्टनों की तलाशी के समय लाखों नशीली टेबलेट्स जब्त की गई थी। टेबलेट सरकार द्वारा प्रतिबन्धित कर रखी थी। वह हर बार पुलिस को गच्चा देकर भाग जाता था।

केवल रात में ही गाड़ी लेकर आता

पुलिस पूछताछ में पता लगा कि वह फरारी के समय बड़े ट्रक (ट्रेलर) का ड्राइवर बनकर अहमदाबाद, बीकानेर, जोधपुर व अन्य शहरों में जाता था। घर पर बहुत ही कम या यदा-कदा केवल रात्रि में ही आता था। अवैध दवाइयां (टेबलेट्स) बाप तक कोई और लाता था। बाप से आरोपी अपने ट्रक में भरकर पंजाब तरफ ले जाता था। पंजाब के भटिण्डा शहर में किसी व्यक्ति को सप्लाई किया जाना था।

गर्ग समाज का सम्मान एवं बहुमान समारोह आज

जालोर के भीनमाल रोड पर स्थित गर्ग आश्रम शिव मंदिर में बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर के भीनमाल रोड पर स्थित गर्ग आश्रम शिव मंदिर में शनिवार को गर्ग समाज के वरिष्ठ लोगो की बैठक आयोजित हुई। जिसमें 5 जनवरी को समाज के नव चयनित कर्मचारी एवम् पदोन्नत कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय किया।

गर्ग समाज जालोर जिलाध्यक्ष हडमताराम गर्ग साफाडा ने बताया की गर्ग आश्रम शिव मंदिर जालोर में 5 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यकम नव चयनित नर्सिंग कर्मियों, नव चयनित शिक्षक एवं पदोन्नत कर्मचारियों के सम्मान एवं बहुमान कार्यक्रम एवं जालोर नगर एवं जालोर ब्लॉक की कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न को लेकर आवश्यक व्यवस्था के लिए बैठक रखी गयी थी, बैठक में जालौर नगर एवं जालोर ब्लॉक की कार्यकारिणी के चुनावों को लेकर चर्चा की गई।

इस दौरान बैठक में जालोर ब्लॉक, जालोर नगर एवं समस्त ब्लॉक कार्यकारिणी, जिला प्रतिनिधि, राज्य प्रतिनिधि, संरक्षक मण्डल के सदस्यगण एवं समस्त समाज समर्पित कर्मठ, निष्ठावान सेवाभावी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिलाध्यक्ष हडमताराम गर्ग ने बताया कि रविवार को गर्ग आश्रम में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के आतिथ्य में जालोर नगर एवं जालोर ब्लॉक कार्यकारिणी गठन एवं नव चयनित नर्सिंग कर्मियों, नव चयनित शिक्षक एवं पदोन्नत कर्मचारियों के सम्मान एवं बहुमान कार्यक्रम किया जाएगा।

सुबह शाम ठंडक, दिन में धूप से बढ़ा तापमान

जोधपुर, (कासं)। शहर में नववर्ष के बाद से ही मौसम में बदलाव आ गया है। यहां दोपहर में धूप चुभने लग गई है। वहीं सुबह-शाम और रात को ठंड का असर देखा जा रहा है। यहां तापमान में भी अचानक से वृद्धि हो गई है। कई दिनों के बाद शनिवार को मौसम पूरी तरह खुला रहा। सुबह भी कोहरा न के बराबर रहा। दिन शुरू होते ही सूर्य देव ने दर्शन देने शुरू कर दिए। दस बजते-बजते चटख धूप ने पूरे शहर को सर्दी से राहत देनी शुरू कर दी।

शहर में मौसम का मिजाज आज भी पूरी तरह से बदला हुआ नजर आया। आम दिनों में जहां ठंड के वजह से लोग परेशान नजर आते हैं, वहीं आज दिन में पडऩे वाली तीखी धूप की वजह से परेशान दिखे। दोपहर के समय धूप इतनी तेज थी कि बैठना भी मुश्किल होने लगा।

सर्दी से बचाव के लिए जो लोग दोपहर में गर्म कपड़े पहन कर भी धूप का सेवन करते थे। उन्होंने धूप का तो आनंद लिया, लेकिन गर्म कपड़ों को कुछ देर के लिए खोल दिया। बता दे कि शहर में पिछले सप्ताह दिन के समय में भी तापमान में काफी गिरावट नजर आई लेकिन इस बार दोपहर के समय का तापमान तीस डिठी सेल्सियस आंका गया। पिछले दो-तीन दिनों में छह डिठी की बढ़ोतरी हुई है।

रात के समय भी 8 से 10 डिग्री से बढ़कर 15 से 16 डिग्री तक पहुंच चुका है।

ठंड में भी रक्तवीर निभा रहे हैं अपना कर्तव्य

जालोर में ब्लड डोनर ग्रुप के रक्तवीर लक्ष्मीकांत दवे ने रक्तदान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजकीय चिकित्सालय जालोर में ब्लड डोनर ग्रुप के रक्तवीरों ने आपातकाल में रक्त उपलब्ध करवाया।

जिला अस्पताल जालोर में आये दिन मरीजों की संख्या बढती जा रही है। जिसमें डिलेवरी केस, मौसमी बीमारियां, रक्त की कमी एवं एक्सीडेंट के केस बहुत आ रहे हैं। जिससे आये दिन मरीजों को रक्त की आवश्यकता होती हैं। ऐसे में अगर परिवार के सदस्यों में जागरूकता है, तो वे अपने आप रक्त की व्यवस्था कर लेते है तथा कई मरीजों को समस्याओं से जुंझना पड़ता है।

ऐसे ही रात में आये 3 केस में जालोर ब्लड डोनर ग्रुप के जिला सरंक्षक नितेश भटनागर एवं सह सरंक्षक तरुण सिद्धावत ने तीन केस में सहायता की। ग्रुप के जिला सरंक्षक नितेश भटनागर ने बताया कि रात्रि में जहां सर्दियों में पूरा शहर सुनसान रहता है। सभी अपने घरों में रजाई तान कर सोए होते है। वही रक्तदान ग्रुप के रक्तवीर अपना कर्तव्य निभाते है।

रात्रि 9 बजे आये प्रथम केस में रक्त की कमी से झुंझ रहे फिरोज खान पुत्र मसरू खाँजी निवासी बागरा हिमोग्लोबिन 3.1 रक्त ग्रुप ओ पॉजिटिव सरकारी अस्पताल में रक्त की जरूरत पडने पर ग्रुप के साथी लक्ष्मीकांत दवे पुत्र चंद्रकांत दवे निवासी पूरा मोहल्ला, जालोर ने अपना अमूल्य रक्त ओ पोजिटिव रक्तदान दिया। वही द्वितीय केस में कैसी देवी पत्नि उकाराम निवासी सेरना हीमोग्लोबिन 4.8 ब्लड ग्रुप बी पोजिटिव निजी अस्पताल, जालोर में ऑपरेशन केस में रक्तमित्र साथी अंकुश अग्रवाल पुत्र माणकलाल अग्रवाल निवासी साई विहार, जालोर ने अपना अमूल्य रक्त बी पोजिटिव रक्तदान किया। तृतीय केस में सावित्री देवी पत्नी जठाराम निवासी सूरज पोल, जालोर हीमोग्लोबिन 5 ब्लड ग्रुप बी पोजिटिव सरकारी अस्पताल में मरीज के परिवार से रमेश कुमार पुत्र उकाराम निवासी शांति नगर, जालोर ने अपना एबी पोजिटिव रक्तदान कर मरीज को ब्लड बैंक से बी पोजिटिव रक्त उपलब्ध करवाया ओर सहयोग किया।

मरीजों के परिवार एवं जालोर ब्लड डोनर ग्रुप संस्था ने साथी तरूण सिद्धावत एवं तीनों रक्तमित्रों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

भाजपा सरकार की नाकामियां लोगों तक पहुंचाएं : पुखराज पाराशर

जालोर, (कासं)। नगर कांग्रेस कमेटी एवं मंडल कांग्रेस की संयुक्त बैठक शुक्रवार शाम को जन अभियोग निराकरण समिति पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल के विशिष्ट आतिथ्य, नगराध्यक्ष मुमताज अली,मंडल अध्यक्ष रमेश सोलंकी की अध्यक्षता में राजीव गांधी भवन जालोर में हुई।

जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि बैठक में जालोर नगर परिषद क्षेत्र में किये जा रहे परिसीमांकन के प्रस्ताव एवम वार्डो के सीमांकन गठन के दावे आपत्ति को लेकर कांग्रेसजन से विचार विमर्श कर कमेटी का गठन किया गया।

जालोर शहर के राजीव गांधी भवन में नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जन अभियोग निराकरण समिति पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि कांग्रेसजन को जागरुकता के साथ परिसीमांकन परिपत्र को पढ़कर संबंधित वार्ड के गठन,परीसीमांकन को ध्यान में रखते हुए दावे आपत्ति होने पर अपनी आपत्ति समय अनुसार दर्ज करवानी चाहिए। जिसने नियमानुसार वार्ड का गठन हो सके। उन्होंने शहर के कांग्रेसजन से राज्य की भाजपा सरकार की एक वर्ष की नाकामियों को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। अंत में समस्त कांग्रेसजन ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता नाजिम अली के निधन पर दो मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली भुट्टो,जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल,कैलाश शर्मा,ममता जेन, चतराराम सुथार,लक्ष्मण सिंह सांखला, मिश्रीमल गहलोत,जालम सिंह चारण,फूसाराम माली,सुरेश मेघवाल,अनिल पंडत, जुबैदा नागोरी,सुष्मिता गर्ग सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

कई वाहन चोरी के केस दर्ज

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट में वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से आधा दर्जन दुपहिया वाहनों को चोरी कर लिया। विभिन्न थाना पुलिस ने मामलें दर्ज किए है।

सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि प्रथम बी रोड निवासी गजेन्द्र जैन पुत्र लालचंद जैन ने रिपोर्ट दी कि उसकी बाइक घर के बाहर से वाहन चोरी हो गया। यूथ हॉस्टल के पीछे रातानाडा क्षेत्र में रहने वाले अशोकक पुत्र रतनलाल ने सरदारपुरा पुलिस को बताया कि एमजीएच के बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई। शास्त्रीनगर पुलिस के अनुसार भोपालगढ़ के कुम्हारा निवासी मनफूलराम पुत्र रामनिवास जाट की एमडीएम अस्पताल से उसकी बाइक कोई चुरा ले गया। वाल्मिकी बस्ती मावडिय़ों की घाटी सूरसागर निवासी गंगाराम पुत्र भंवरलाल ने शास्त्रीनगर पुलिस को बताया कि 29 दिसंबर को वह एमडीएम अस्पताल से उसकी बाइक चोरी हो गई। जबकि प्रतापनगर थाने में दी रिपोर्ट में फलसूण्ड जैसलमेर हाल शिव कॉलोनी चांदणा भाखर निवासी पोकरराम पुत्र खूबाराम प्रजापत ने पुलिस को बताया कि उसकी बाइक घर के बाहर से कोई चुरा ले गया।